

# खरीदी केंद्र पर 6 दिन से किसान परेशान, 136 केंद्रों में हम्माल कम

**मजदूर दिवस और रैक प्वाइंट से खरीदी ठप**

**देवास।** जिले के समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्थाओं के कारण किसान परेशान हैं। तुलाई में लगातार देरी, हम्मालों की कमी और खराब प्रबंधन के चलते किसान कई दिनों से उपज के साथ केंद्रों पर इंतजार कर रहे हैं। जिले के 136 खरीदी केंद्रों में से कई जगह हालात बेहद खराब हैं।

सिरोलिया केंद्र पर स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है, जहां किसान पिछले पांच से छह दिनों से अपनी उपज की तुलाई का इंतजार कर रहे हैं। शनिवार को सुबह साढ़े ग्यारह बजे तक भी तुलाई कार्य शुरू नहीं हो पाया। बालोदा और आसपास के गांवों से आए किसान प्रतिदिन केंद्र पहुंच रहे हैं, लेकिन उनकी उपज की तुलाई नहीं हो पा रही है।

कई किसान किराए के ट्रैक्टर-ट्रॉली से अपनी उपज लेकर पहुंचे हैं, जिससे उनका खर्च लगातार बढ़ रहा है। तुलाई में देरी के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ समय की भी भारी बर्बादी झेलनी पड़ रही है। किसानों ने मांग की कि खरीदी केंद्रों पर पर्याप्त हम्मालों की व्यवस्था की जाए, तुलाई प्रक्रिया को नियमित किया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए ताकि उन्हें राहत मिल सके। केंद्र प्रभारी राकेश चौधरी ने बताया कि रैक प्वाइंट लगने और मजदूर दिवस के कारण माल का उठाव नहीं हो पाया, जिससे तुलाई कार्य प्रभावित हुआ है।



**काम में अनियमितता**

किसान अरविंद पटेल और अफसर पटेल ने बताया कि वे चार-पांच दिनों से केंद्र पर हैं। उन्हें कभी बोरियां जमाने वाले कर्मचारियों की कमी तो कभी हम्मालों के न आने का बहाना बताया जाता है। किसानों का आरोप है कि हम्माल अधिक मजदूरी की मांग कर रहे हैं और काम में अनियमितता बरत रहे हैं, जिससे समस्या और बढ़ गई है।

# पेपर फैक्ट्री में आग, धुएं का उठा गुबार

**करीब दो घंटे से अधिक समय तक लगातार धधकती रही ज्वाला**

**देवास।** औद्योगिक क्षेत्र क्रमांक-1 में स्थित श्रीनिवास बोर्ड एंड पेपर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में शनिवार को आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि दूर-दूर तक धुएं का गुबार और ऊंची लपटें दिखाई दे रही थीं।

जानकारी अनुसार, कंपनी परिसर में बड़ी मात्रा में पेपर का स्टॉक रखा हुआ था। इसी स्टॉक में अचानक आग भड़क उठी, जिससे आग तेजी से फैल गई। कंपनी में काम कर रहे कर्मचारियों ने धुआं उठते देख तुरंत मौके की ओर दौड़ लगाई, लेकिन तब तक आग बेकाबू हो चुकी थी। सूचना मिलते ही नगर निगम की दमकल गाड़ियां और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। बताया जा रहा है कि आग करीब दो घंटे से अधिक समय तक लगातार जलती रही, जिससे स्थिति गंभीर बनी रही।



घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी और कंपनी से जुड़े लोग भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। हालांकि, परिसर में बड़ी मात्रा में पेपर और पेपर रोल तैयार करने का काम होने के कारण आग तेजी से फैली। बताया जा रहा है कि कंपनी परिसर के क्षेत्र में करीब 7-8 हजार टन पुष्ठा रखा था, वह लगभग जल गया है। अब तक करीब 7-8 फायर ब्रिगेड अलग-अलग जगह से बुलाई गई हैं। आग लगने का कारण अभी सामने नहीं आया है। इस दौरान रेस्क्यू टीम ने बकाया हिस्से में रखे पुष्टे हटाने के लिए भी जेसीबी की मदद ली गई और एक तरफ आग बुझाने का काम किया जा रहा था वहीं दूसरी तरफ पुष्ठा हटाने का कार्य किया।

**एक नजर में**

## श्रीकृष्ण ने आत्मा और शरीर का समझाया अंतर



**खातेगांव।** भागवत कथा के दुसरे दिन देवी हेमलता शास्त्री ने कहा कि जीवन में कुछ प्राप्त करना है, तो भगवान की भक्ति प्राप्त करो। यही एक चीज है जो लोक और परलोक दोनों सुधार देगी। हमेशा दूसरों के हित के लिए काम करो, क्योंकि दूसरों का अहित करने के लिए किया काम कभी सफल नहीं होता है। देवी शास्त्री ने कहा कथा मे बार-बार कहते हैं जानते तो सब है पर मानते नही, मनुष्य अपना अच्छा बुरा सब जानता है, बुरा क्या होता है और अच्छा क्या होता है उसके बाद भी मानता नहीं कोई झूठ के सहारे बुलंदी तलाशता है, सत्य की राह पर चलना कठिन है पर यह मार्ग आपको परमात्मा के ठाकुर जी के बहुत ही करीब रखता है क्योंकि सत्य के मार्ग पर आपको भाव ओर भावनात्मक बल मिलता है। दूसरे दिन की कथा में कृष्ण अर्जुन के संवाद धर्म और अधर्म पर श्रोताओं के बीच व्यास पीठ से देवी हेमलता शास्त्री ने कहा जब अर्जुन ने अपने सगे-संबंधियों को देखकर युद्ध करने से मना कर दिया और मोह में पड़ गया, तब कृष्ण ने समझाया कि यह कायरता है। जीवन में जब कर्तव्य निभाने की बारी आए, तो भावनाएं (मोह) आड़े नहीं आनी चाहिए। कृष्ण ने अर्जुन को ज्ञान दिया कि आत्मा अजर-अमर है, उसका न जन्म होता है, न मृत्यु। जो शरीर दिख रहा है, वह नश्वर है। इसलिए, किसी की मृत्यु का शोक नहीं करना चाहिए।कर्मयोग फल की चिंता न करें कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। यानी, केवल कर्म पर तुम्हारा अधिकार है, फल पर नहीं। परिणाम की चिंता किए बिना अपना कर्तव्य (युद्ध) करना ही सच्चा कर्म है। सुख-दुख, जय-पराजय और लाभ-हानि में समान रहता है। उन्होंने आगे कहा मनुष्य को अपने मन को शांत और स्थिर रखना चाहिए। अर्जुन को अज्ञानता से बाहर निकालने के लिए कृष्ण ने आत्मा और शरीर का अंतर समझाया, ताकि अर्जुन अपनी जिम्मेदारी को समझे। ज्ञान और कर्म के माध्यम से ही मोह का नाश किया जा सकता है और मनुष्य अपने धर्म (कर्तव्य) का पालन कर सकता है। मुख्य अजमान संतोष तिवारी श्रीमती प्रेम बाई तिवारी पटेल, संतोष तिवारी बरछा, संतोष व्यास, सत्यनारायण पारीक, दर्शन शर्मा, अरविंद कुंडल ओम प्रकाश तिवारी, प्रवीण गंगराडे ने व्यास पीठ का पूजन किया। कथा के अंत में सभी भक्तों को मीठा भात प्रसाद दादाजी भक्त मंडल के द्वारा वितरित किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर श्रमिक सभा



**देवास।** सिटी ट्रेड यूनियन काउंसिल, देवास द्वारा 140वें अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मंडूक पुष्कर में एक श्रमिक सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए किसान खेत मजदूर संगठन के कृष्णा बैरागी ने मई दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आठ घंटे काम, आठ घंटे आराम और आठ घंटे मनोरंजन का अधिकार दुनिया के मेहनतकश वर्ग ने लंबे संघर्ष के बाद हासिल किया है। यह अधिकार किसी ने उपहार में नहीं दिया। 19वीं सदी में औद्योगिक क्रांति के दौरान मजदूरों से 12 से 16 घंटे तक अमानवीय श्रम कराया जाता था। इस शोषण के खिलाफ 1 मई 1886 को अमेरिका में ऐतिहासिक आंदोलन हुआ। एआईयूटीयूसी के जिला सचिव राजुल श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि देश में 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार श्रम संहिताओं में बदल दिया गया है, जिससे उद्योगपतियों को अत्यधिक शोषण का अधिकार मिल गया है। इन संहिताओं के तहत कर्मचारियों से 8 घंटे से अधिक, 10 से 12 घंटे तक काम लिया जा सकता है। यह अधिकार कानून संगत तो हो सकता है, लेकिन न्याय संगत नहीं है। एलआईसी एवं सिटी ट्रेड यूनियन काउंसिल देवास के संयोजक मोहन जोशी ने कहा कि मई दिवस वह दिन है जब विश्व का मजदूर वर्ग वर्ग-चेतना से प्रेरित होकर शोषण और दमन के खिलाफ एकजुटता का संकल्प लेता है। यह दिन करोड़ों मेहनतकश लोगों को भूख, गरीबी और अपमान से मुक्ति दिलाने के संघर्ष का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि आज दुनिया दो हिस्सों में बंटी हुई है-एक ओर पूंजी की दुनिया है और दूसरी ओर श्रम की दुनिया। एक ओर कुछ मुट्ठीभर धनी लोग हैं जिन्होंने कारखानों, मशीनों, जमीन और अपार संपत्ति पर कब्जा कर रखा है, वहीं दूसरी ओर करोड़ों मेहनतकश लोग हैं जो अपने ही श्रम से संपत्ति पैदा करते हैं, लेकिन जीवनभर बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष करते रहते हैं। कार्यक्रम का संचालन मनोहर द्वारा किया गया।

# सेवानिवृत्ति के बाद भी सेवा का चलता रहेगा सिलसिला

**जिन्दा दिल तो इनसान का ही है... जिन्दगी बाकी तो सिर्फ जी रहे हैं लोग...**



**देवास।** अपनी जिंदगी को खुशगवार और बेहतर बनाने के लिए किसी भी बहारी तत्व की आवश्यकता नही होती है जरूरत सिर्फ अंदर मौजूद अपनी इच्छा शक्ति और परोपकारी मन की भाषा को समझ कर ही संसार में वह सब कुछ दिया जा सकता है जिसकी संसार में जीने वाले कभी कल्पना भी नहीं कर सकते कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिन्हें किसी सीमा में बांधकर नहीं रखा जा सकता लेकिन उनकी महक सीमाओं की दीवार तोड़कर भी दूर तक खुशबू फैलाने का काम करती है।

ऐसा ही कुछ नजारा देखने को मिला डॉ प्रदीप व्यास की सेवानिवृत्ति के आखिरी दिन आयुष विभाग में सीमित संसाधनों और लंबी दूरी के बावजूद भी? देवास जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मिली जिम्मेदारियो का बखूबी निर्वाह करते हुए विभागीय सेवा से निवृत्ति आयुष चिकित्सा अधिकारी व्यास की कार्य प्रणाली से जहां जिले भर की जनता संतुष्ट रही वहीं विभागीय अधिकारी कर्मचारियों का भी उनके प्रति आदर सम्मान उनके सेवानिवृत होते समय साफ तौर पर देखने को मिला जिला आयुष अधिकारी सहित आयुष विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारियों द्वारा उन्हें अपने-अपने तरीकों से विदाई दी गई और हर एक के विचार श्री व्यास के प्रति समर्पित और सकारात्मक प्रदर्शित हुई श्री व्यास की सेवानिवृत्ति के इस आयोजन में इनके छात्र जीवन के मित्र जितेंद्र पुरोहित ने भी संबोधित किया। पुरोहित ने संबोधन में व्यास के व्यक्तित्व को सार्वजनिक कर कहा कि व्यास बहुमुखी प्रतिभा के धनी है चिकित्सा की पढ़ाई के साथ ही इनकी संगीत में गहरी रुचि थी तबला हारमोनियम वादन के साथ गीत भजनों की प्रस्तुति से समा बांध देते इनके हरपन मोला अंदाज को सबके सामने रखा।

## आवेदनों पर महापौर ने लिया एक्शन...

**देवास।** महापौर जनसुनवाई में महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल को नागरिकों द्वारा निगम संबंधि समस्याओं के आवेदन दिए। नागरिकों द्वारा महापौर को वार्ड 19 मृदुल विहार मे वर्षो से बंद पडी जीर्णशीर्ण पानी की टंकी को तोड़ने, वार्ड 42 मल्हार रोड स्थित गंगा पार्क कालोनी मे ड्रेनेज लाईन तथा साफ सफाई, मुक्तिधाम के नाले की दिवार बनाने एवं दाह संस्कार के स्थान पर सीमेंट कंक्रीट से पूरा लेवल करने एवं साफ सफाई करवाने के साथ ही अन्य निगम संबंधि समस्याओं के आवेदन नागरिकों के द्वारा दिये गये। महापौर ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर उनका निराकरण समय सीमा मे किये जाने के निर्देश दिये। महापौर द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि के 5 स्वीकृति पत्रों का वितरण भी किया गया।

# भारतीय जैन मिलन के स्थापना दिवस पर गायों को खिलाया गुड़

**देवास।** जैन मिलन एवं महिला मिलन देवास द्वारा भारतीय जैन मिलन का 63 वां स्थापना दिवस प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जीवदया कार्यक्रम बालगढ़ रोड पर स्थित भोलेनाथ मन्दिर की गोशाला में गायों को गुड़ रोटी एवम हरा चारा, भूसा आदि खिला कर गो सेवा कर मनाया।

कार्यक्रम में भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय सयुंक्त मंत्री अतिवीर डॉ प्रमोद जैन ने जैन मिलन की स्थापना के 63 वर्षों,पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षो के योगदान समाज की एकता में जैन मिलन का योगदान, जैन मिलन के कार्यक्रमो, इस वर्ष जैन सम्राट, (सम्राट चन्द्र गुप्त मौर्य, सम्राट खारवेल,महाराज सम्प्रति, महाराजा राज कुमार पाल रानी अवक्का चोटा आदि,)के लिए समर्पित कार्यक्रमो की जानकारी से सभी सदस्यों को अवगत कराया। सभी सदस्यों का स्वागत अध्यक्ष वीर मुकेश जैन बाँझल एवम वीरांगना चारु जैन ने किया आयोजन में वीर मोहन जैन वीरांगना पूजा जैन,वीर विकास जैन वीरांगना प्रतिभा जैन,अनुज जैन का सहयोग सराहनीय रहा ,कार्यक्रम में वीर दीपचंद जैन,वीर योगेंद्र जैन,स्वतन्त्र कुमार जैन, वीर सुरेन्द्र जैन,वीर नवीन जैन,वीर राकेश जैन एडवोकेट, वीरांगना रश्मि जैन,वीरांगना अलका जैन, वीरांगना साधना जैन वीरांगना मंजू जैन सहित सदस्य मौजूद रहे, अंत में सभी सदस्यों का सहयोगियों, गोशाला के कर्मचारियों आदि का आभार मंत्री वीर अनुभव जैन शास्त्री ने व्यक्त किया।

## आयुष विभाग ने शुरू किया योगाभ्यास



**देवास।** आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को प्रभावी तथा सार्थक बनाने के लिए आयुष विभाग ने अभी से कमर कस ली है। योग दिवस के 50 दिन पहले शनिवार की सुबह आयुष विभाग ने विशेष काउंटडाउन आयोजन में स्थानीय मधुबन कॉलोनी में लोगों को योगाभ्यास कराया गया।

इसमें कॉमन योग प्रोटोकॉल के साथ अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करने से स्वस्थ रहने की जीवनशैली अपनाने पर ज़ोर दिया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ ममता जूनवाल ने बताया कि देवास सहित जिले में लगभग 35 स्थानों पर यह मुहिम प्रारंभ की गई है। इसके लिए डॉ राहुल मंडलोई तथा डॉ भूपेंद्र गोलावटिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला योग प्रभारी हजारी लाल जाट ने योग मुद्राओं का अभ्यास करवाया। इस अवसर पर आयुष विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## सही संचार कौशल करियर ही नहीं जीवन में भी देता है सफलता : शर्मा

**देवास।** अमलतास इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के अंतर्गत संचालित अमलतास इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में 30 अप्रैल 2026 को विद्यार्थियों के कौशल विकास हेतु कम्युनिकेशन स्किल (संचार कौशल) विषय पर एक दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स का सफल आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक सत्र में संस्थान के सभी पैरामेडिकल छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आधुनिक दौर में संचार की महत्ता को समझा।

मुख्य संसाधन व्यक्ति डॉ. रत्ना शर्मा ने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को संचार के विभिन्न माध्यमों और तकनीकों से अवगत कराया। उन्होंने कम्युनिकेशन बैरियर्स (संचार की बाधाएं) विषय पर चर्चा करते हुए बताया कि संवाद के दौरान होने वाली गलतफहमियों को कैसे दूर किया जाए। डॉ. शर्मा ने जोर देते हुए कहा कि सही संचार कौशल न केवल आपके पेशेवर करियर में सफलता सुनिश्चित करता है, बल्कि यह आपके व्यक्तिगत जीवन और व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आयोजन पैरामेडिकल कॉलेज की डायरेक्टर डॉ. स्नेहा सहाय युथम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अपने संबोधन में डॉ. सहाय ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में पैरामेडिकल स्टाफ का मरीजों और डॉक्टरों के साथ संवाद बहुत संवेदनशील होता है, इसलिए विद्यार्थियों को निरंतर अपने कम्युनिकेशन स्किल्स को निखारते रहना चाहिए। चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए अपना संदेश प्रेषित किया।



उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में सेवा भाव के साथ-साथ सटीक संवाद कुशलता एक कुशल पैरामेडिकल प्रोफेशनल की पहचान होती है। विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने हेतु संस्थान निरंतर ऐसे कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। इस विशेष अवसर पर डॉ. अंजलि मेहता, डॉ. नेहा गौर, डॉ. पूजा वर्मा, शकुन्तला मण्डलोई , सूरज शर्मा, अमन कुरैशी, श्रीमती टीना चौधरी एवं पलाश मंडाड सहित कॉलेज का स्टाफ और नागरिक उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने पिपरी में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने शुक्रवार रात पिपरी गांव में गुजारकर शासन की विभिन्न योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी। उन्होंने पलंग पर बैठकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण के सख्त निर्देश दिए।

इस दौरान एक भजन मंडली द्वारा तानपुरे के लिए मदद मांगने पर कलेक्टर ने पहले उनसे भजन सुना और फिर राशि प्रदान की। शनिवार सुबह कलेक्टर ने गांव का भ्रमण कर नल-जल योजना, सड़क, बिजली व्यवस्था और तालाबों के जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण किया। शुक्रवार रात गांव में प्रवास के दौरान कलेक्टर ने पलंग पर बैठकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इसी बीच एक भजन मंडली ने उनसे तानपुरा खरीदने के लिए राशि की मांग की। इस पर कलेक्टर ने मंडली से पहले भजन गाने को कहा। भजन सुनने के बाद उन्होंने ग्रामीणों की प्रशंसा की और तानपुरा के लिए नकद राशि प्रदान की। शनिवार सुबह कलेक्टर सिंह ने ग्राम पंचायत पिपरी का भ्रमण किया। उन्होंने सीधे ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं और अधिकारियों को मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान उन्होंने नल-जल योजना के तहत घर-घर पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने पाइपलाइन, जल वितरण और आपूर्ति की स्थिति का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को कहा।





## सीनियर एडवोकेट गुप्ता अधिवक्ताओं से मिले

**टोंकखुर्द।** म.प्र.राज्य अधिवक्ता परिषद का चुनाव निर्वाचन को लेकर सीनियर एडवोकेट सुनील गुप्ता टोंक खुर्द मिले। मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद का चुनाव निर्वाचन आगामी 12 मई को मध्य प्रदेश में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में प्रदेश स्तर पर होने जा रहे चुनाव को लेकर टोंक खुर्द न्यायालय के अधिवक्ताओं से सौजन्य भेंट कर चुनाव निर्वाचन के बारे में अधिवक्ताओं से चर्चा की।

सीनियर एडवोकेट सुनील गुप्ता टोंक खुर्द अधिवक्ता को को बताया कि यदि मैं अध्यक्ष बना तो मैं जो भी संपूर्ण योजनाएं शासन प्रशासन द्वारा आएगी मैं उन योजनाओं को पूरी करने का प्रयास करूंगा सुनील गुप्ता सीनियर एडवोकेट इंदौर के समर्थन में सभी अधिवक्ताओं समर्थन कर मतदान करें चुनाव निर्वाचन में उम्मीदवार सुनील गुप्ता का चुनाव निरवाचन मे प्रचार प्रसार हेत निवेदन किया टोंक खुर्द प्रस्तावित टोंक खुर्द फरीगंज चौराहा बस स्टैंड पर आतिशबाजी कर ढोल धमाका कें साथ टोंकखुर्द के अनवर उर्फ अन्ना मेव के नेतत्व में साफा बांधकर पुष्प मालाओं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

# सकलेचा की स्मृति में वॉटर कूलर और आरओ का लोकार्पण

**देवास।** भारत विकास परिषद के अध्यक्ष सुरेश डसानिया ने बताया कि 2 मई प्रातः 11 बजे एमजी हॉस्पिटल देवास में श्रीमती सुनीता सकलेचा की स्मृति में एक वाटर कूलर एवं आर ओ जितेंद्र सकलेचा द्वारा भेंट किया गया। जिसका लोकार्पण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सरोजिनी जेम्स, डॉ प्रकाश गर्ग, डॉ सुनील तिवारी तथा विलास चौधरी के आतिथ्य में किया गया।

वाटर कूलर का मेंटेनेंस भारत विकास परिषद द्वारा लगातार किया जाएगा। हॉस्पिटल में लगातार बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है ताकि आने वाले मरीज एवं उनके परिवारजन को शुद्ध पानी उपलब्ध हो सके। यह वाटर कूलर एमजी हॉस्पिटल के नवीन भवन एवं स्त्री प्रस्तुति विभाग में लोकार्पित किया गया है। कार्यक्रम के विषय में विजय जैन ने जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में राकेश चौरसिया ने मुख्य भूमिका निभाई। संचालन प्रकाश मंत्री ने किया। परिषद के प्रांतीय अधिकारी डॉ मीना राव और नवीन नाहर के साथ भारत विकास परिषद के कई सदस्य तथा श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट के भी कई सदस्य उपस्थित थे।

**एक नजर** | **श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा और निष्ठा से गायत्री मंत्र की दी आहुतियां**

# हर घर गायत्री यज्ञ से नशाबंदी और कुरीति उन्मूलन का दिया बड़ा संदेश

**देवास ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में वैश्विक स्तर पर विश्व के लाखों श्रद्धालु परिजनों ने किए बड़ी श्रद्धा और उमंग के साथ अपने अपने घरों में गायत्री महायज्ञ साथ ही पड़ोसी, सगे संबंधी एवं मित्रों को भी प्रेरित किया स गृह गृह गायत्री महायज्ञ का उद्देश्य राष्ट्र को स्वस्थ, समर्थ, नशा मुक्त और संस्कारवान बनाना हैं।

गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि प्रतिवर्ष अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार द्वारा बुद्ध पूर्णिमा को बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ देशभर में पुनीत गृह गृह गायत्री महायज्ञ अभियान को संपन्न करता आ रहा है, इसी क्रम में इस वर्ष भी बुद्ध पूर्णिमा 01मई को देवास जिले की सभी तहसीलों मे पूर्ण उल्लास के साथ इस अभियान को संपन्न किया गया जिसमें देवास तहसील में 1300, हाटपिपलिया 505, कन्नौद 155, बागली 150, सोनकच्छ 50, खातेगांव 586, सतवास 210, टोंक खुर्द 10, उदयनगर 20 इस प्रकार कुल 2936 घरों में गृह गृह गायत्री महायज्ञ संपन्न हुए । जिला कारागार देवास में भी बन्दी भाईयों ने बड़ी उमंग और जोश के साथ आहुतियां प्रदान की । युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक प्रमोद निहाले ने यज्ञ के दौरान बन्दी भाईयों से अपने जीवन की बुराइयों की तिलांजलि देने की अपील की जिससे कई बन्दी भाई प्रेरित हुए और उन्होंने बुराइयाँ छोड़ कर अच्छाई ग्रहण करने का संकल्प लिया एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी सजग किया तथा जीवन में कम से कम 03 पौधे लगाने हेतु संकल्पित किया स जिला जेल अधीक्षक विद्याभूषण प्रसाद ने गायत्री परिवार के इस आयोजन की सराहना करते हुए आभार माना।

